**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 13.09.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- द्वीप प्रशासन ने मायाबंदर के मौजूदा क्षेत्रीय पुस्तकालय को ज़िला पुस्तकालय का दर्जा देने की मंज़ूरी दे दी है ।
- परिवहन निदेशालय भवन में एक शिशु–गृह–सह–आहार कक्ष स्थापित किया गया है।
- भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के तहत पश्चिम बंगाल के विधायक द्वीपों के दौरे पर हैं।
- समग्र प्रगति कार्ड कार्यान्वयन और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

द्वीप प्रशासन ने मध्योत्तर अंडमान ज़िले के मायाबंदर में स्थित मौजूदा क्षेत्रीय पुस्तकालय को ज़िला पुस्तकालय का दर्जा देने की मंज़ूरी दे दी है। इस नए दर्जे के साथ, मायाबंदर स्थित ज़िला पुस्तकालय में व्यापक सुधार किए जाएँगे, जिसमें पुस्तकों, पत्रिकाओं, पत्रिकाओं और डिजिटल संसाधनों के समृद्ध और विविध संग्रह के साथ इसके भंडार का पर्याप्त विस्तार, पठन स्थलों और उपयोगकर्ता सुविधाओं का सुधार और आधुनिकीकरण; कुशल पुस्तकालय संचालन सुनिश्चित करने के लिए, अतिरिक्त योग्य कर्मियों की तैनाती; तथा छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और आम जनता को जोड़ने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों और साहित्यिक पहलों की शुरुआत शामिल है। मायाबंदर के उप शिक्षा अधिकारी की देखरेख में नव–नामित जिला पुस्तकालय जिले के मुख्य पुस्तकालय के रूप में कार्य करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला के प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का सपना तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की स्वीकृति देकर साकार हुआ। इस क्रम में खाद्य और स्टेशनरी वस्तुओं को प्रभावित करने वाले सुधारों के बारे में आज हम एक नज़र डाल रहे हैं।

<><><><><><><>

भारतीय सूचना सेवा के 13 प्रशिक्षु अधिकारियों ने कल उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी के साथ मुलाकात की। भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों का समूह द्वीपसमूह के भारत दर्शन अखिल भारतीय अध्ययन दौरे पर हैं।

<><><><><><><>

परिवहन निदेशालय भवन में एक शिशु–गृह–सह–आहार कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कामकाजी महिला कर्मचारियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। परिवहन सचिव ज्योति कुमारी ने कल परिवहन निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल की उपस्थिति में इस कक्ष का उद्घाटन किया। परिवहन सचिव ने कर्मचारियों के कल्याण के लिए परिवहन विभाग द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा महिला कर्मचारी इस पहल से लाभान्वित होंगे।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई द्वारा एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बंगाल के नेता देश के विभिन्न भागों का दौरा कर रहे हैं। इस आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम बंगाल के विधायक पवन कुमार सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमिताव रॉय द्वीपों के दौरे पर हैं। उन्होंने कल शाम मिडिल प्वाइंट स्थित भाजपा राज्य कार्यालय का दौरा कर भाजपा पदाधिकारियों से बातचीत की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

समग्र प्रगति कार्ड कार्यान्वयन और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024–25 के परिणामों के प्रसार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का कल समापन हो गया। एनसीईआरटी संकाय सदस्यों और राज्य शिक्षा संस्थान के परख मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा संचालित व्यापक प्रशिक्षण सत्र में आधारभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों में समग्र प्रगति कार्ड के लिए व्यावहारिक कार्यान्वयन रणनीतियां, जिसमें पीआरएस परिणामों को डिकोड करने पर जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य एचपीसी पहलों के कार्यान्वयन के लिए शिक्षक क्षमता को बढ़ाना था। गौरतलब है कि द्वीपसमूह में बालवाटिका से लेकर कक्षा 12 तक सभी कक्षाओं में एचपीसी पहले ही लागू किया जा चुका है, और इसकी हार्ड कॉपी सभी स्कूलों को उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><><><>

विश्व ओज़ोन दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण की ओर से कल एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। "विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक" विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्घाटन पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा ने किया। प्रधान मुख्य संरक्षक ने अपने संबोधन में विश्व ओज़ोन दिवस के बारे में जानकारी देते हुए ओज़ोन परत का संरक्षण के लिए पेड़ लगाने, और हरित जीवनशैली को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण के अतिरिक्त निदेशक डॉ. सी. शिवपेरुमन, क्यारी के निदेशक डॉ. ई. बी. चाकुरकर और अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ) पी. वी. नागेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। इसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 71 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><>

डॉलीगंज स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से इंडियास्किल्स – प्रतियोगिता की घोषणा की गई है। इस सिलसिले में नवंबर माह में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। प्रतियोगिता 22 वर्ष आयु वर्ग तक के उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। डिजिटल निर्माण, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा जैसे चुनिंदा प्रतियोगिताओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष है। इच्छुक उम्मीदवार सिद्ध पोर्टल पर 30 सितम्बर तक पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से स्कूली छात्रों के लिए कल रेड रिबन राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में द्वीपसमूह के 12 स्कूलों के कुल 24 छात्रों ने भाग लिया। इन छात्रों का चयन स्कूल और क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न राउंड के माध्यम से किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वास्थ्य से संबंधित विषयों को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता की पहली विजेता टीम 22 सितंबर को मुंबई में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। नाको, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 6 से 7 राज्यों के राज्य स्तरीय विजेता भाग लेंगे।

<><><><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में बी.कॉम, बी.बी.ए., बी.ए. और बी.पी.ए. संगीत के पाठ्यक्रमों में कुछ सीटें रिक्त पड़ी हैं। जिन उम्मीदवारों के नाम अंतिम वरीयता सूची में शामिल हैं, उनसे 16 सितंबर को विभिन्न विषयों के लिए निर्धारित समय पर परामर्श के चौथे चरण में उपस्थित होने को कहा गया है। परामर्श के बाद बची हुई सीटें ऑफ़लाइन उम्मीदवारों की योग्यता के अनुसार आवंटित की जाएंगी।

<><><><><><><><><>